# चम्पारण ज्ञानाग्रह

**प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 23 मार्च 2026, अंक –242.**

**प्रस्तुति:- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)**

**सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."**




"महान कार्य छोटे प्रयासों का परिणाम होते हैं।"
— लाओ त्सू



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक
उन्नति की ओर....

**संपादक:- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Monday Prayer

सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।

सदा हमारे सिर पर तेरा हाथ रहे,
हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे,
हां, हर सुख-दुख संकट में तेरा साथ रहे;
खुशियों का हो जीवन में आयाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

मिलकर इस धरती को चमन बनाएं हम,
गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम।
हां, गांधी, गौतम, रामकृष्ण बन जाएं हम;
यही हमारा हो हरदम पैगाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा.....

मात-पिता की सेवा और सम्मान करें,
उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
हां, उनकी खुशियों पर सब कुछ कुर्बान करें।
अच्छे कर्म का अच्छा परिणाम प्रभु,
करते हैं हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा....

शुद्ध भाव से तेरा ध्यान लगाएं हम,
विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
हाँ, विद्या का वरदान तुम्हीं से पाए हम।
तुम्ही से है आगाज़ तुम्हीं से अंजाम प्रभु,
करते है हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा...

गुरुओं का सत्कार कभी न भूले हम,
इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
हाँ, इतना बनें महान गगन को छु ले हम।
तुम्हीं से है हर सुबह तुम्ही से शाम प्रभु,
करते है हम शुरु आज का काम प्रभु।
सुबह सवेरे लेकर तेरा .....

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणा: शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।

संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।



# संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

# मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

# मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह —
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

## सामान्य-ज्ञान

**1. प्रश्न: 'बिहार दिवस 2026' का थीम क्या है?**
**उत्तर: "उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार"**
**2. प्रश्न: "मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना" किससे जुड़ी है?**
**उत्तर: बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण**
**3. प्रश्न: बिहार में शराबबंदी कब लागू हुई?**
**उत्तर: 2016**
**4. प्रश्न: बिहार दिवस कब मनाया जाता है?**
**उत्तर: 22 मार्च**
**5. प्रश्न: बिहार राज्य की स्थापना कब हुई थी?**
**उत्तर: 22 मार्च 1912**
**6. प्रश्न: बिहार को किस प्रांत से अलग कर बनाया गया था?**
**उत्तर: बंगाल प्रेसीडेंसी**
**7. प्रश्न: बिहार दिवस मनाने की शुरुआत कब हुई?**
**उत्तर: 2010**
**8. प्रश्न: विश्व का पहला गणतंत्र कहाँ स्थापित हुआ था?**
**उत्तर: वैशाली**
**9.प्रश्न: बिहार का राज्य प्रार्थना गीत "मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज़ करे" के लेखक कौन हैं?**
**उत्तर - एम०आर०चिश्ती (मोहम्मद रजी अहमद चिश्ती)। वें मुजफ्फरपुर जिले के उर्दू मध्य विद्यालय, पकड़ी पकोही में शिक्षक हैं।**
**10. प्रश्न: बिहार के राज्य गीत "मेरे भारत के कंठहार" के लेखक कौन हैं?**
**उत्तर: कवि सत्य नारायण**

**संकलन:-**



**पिन्टू कुमार**
**विद्यालय अध्यापक**
**UHS रामपुर, बगहा-2**

## शब्द - संगम



Tread (ट्रेड) – पाँव रखना / रौंदना
Trod (ट्रॉड) – पाँव रखा / रौंदा
Trodden (ट्रॉडन) – रौंदा गया / पाँव रखा गया

Undergo (अंडरगो) – सहना / गुजरना
Underwent (अंडरवेन्ट) – सहा / गुजरा
Undergone (अंडरगॉन) – सहा गया / गुजर चुका

Upset (अपसेट) – परेशान करना / उलटना
Upset (अपसेट) – परेशान किया / उलटा
Upset (अपसेट) – परेशान किया गया

संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

## English गप-शप

**थीम: Simple Conversation (सरल संवाद – 1)**

**नमस्ते! तुम कैसे हो? – Hello! How are you?**
**मैं ठीक हूँ। धन्यवाद। – I am fine. Thank you.**
**तुम्हारा नाम क्या है? – What is your name?**
**मेरा नाम राहुल है। – My name is Rahul.**



संकलन:-
सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. आज 20 मार्च को 'पर्यावरण' और 'जैव विविधता' के संरक्षण हेतु किस छोटे लेकिन महत्वपूर्ण पक्षी के सम्मान में विश्व दिवस मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: विश्व गौरैया दिवस (World Sparrow Day)
व्याख्या: गौरैया के संरक्षण और शहरी वातावरण में इसकी घटती संख्या के प्रति जागरूकता लाने के लिए हर साल 20 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। बिहार सरकार ने गौरैया को 'राजकीय पक्षी' का दर्जा दिया है। यह न केवल हमारे पारिस्थितिक तंत्र का हिस्सा है, बल्कि मानव और प्रकृति के अटूट प्रेम का प्रतीक भी है।
संदर्भ: Bihar State Environment Report 2026; Nature Forever Society.

2. हाल ही में 'बिहार सरकार' ने किस जिले में राज्य के सबसे बड़े 'आईटी पार्क' (IT Park) के निर्माण हेतु भूमि आवंटित की है? (समसामयिकी)
उत्तर: बिहटा (पटना)
व्याख्या: मार्च 2026 में पटना के बिहटा क्षेत्र में एक विशाल आईटी पार्क की स्थापना को मंजूरी मिली है। इसका लक्ष्य राज्य में तकनीकी निवेश को आकर्षित करना और बिहार के कुशल युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करना है। यह बिहार के 'औद्योगिक कायाकल्प' की दिशा में एक बड़ा कदम है।
संदर्भ: Department of IT, Bihar (March 2026).

3. "हर्षचरित" पुस्तक के लेखक कौन हैं, जिसमें राजा हर्षवर्धन के जीवन और काल का वर्णन मिलता है? (इतिहास)
उत्तर: बाणभट्ट
व्याख्या: बाणभट्ट राजा हर्षवर्धन के दरबारी कवि थे। 'हर्षचरित' संस्कृत में लिखी गई पहली ऐतिहासिक जीवनी मानी जाती है। इसमें न केवल राजा हर्ष के वंश का वर्णन है, बल्कि सातवीं शताब्दी के भारत की सामाजिक और आर्थिक स्थिति की भी झलक मिलती है।
संदर्भ: NCERT Class 6 History (Our Pasts-I), Ch 10, p. 107.

4. वायुमंडल की किस परत को 'हवाई जहाज' उड़ाने के लिए सबसे आदर्श माना जाता है? (भूगोल)
उत्तर: समताप मंडल (Stratosphere)
व्याख्या: क्षोभमंडल के ठीक ऊपर समताप मंडल स्थित है, जो बादलों और मौसम संबंधी घटनाओं से मुक्त होता है। यहाँ हवा की गति स्थिर होती है, जिससे पायलटों को विमान उड़ाने में आसानी होती है। इसी परत में ओजोन गैस भी पाई जाती है।
संदर्भ: NCERT Class 7 Geography, Ch 4 (Air), p. 22.

5. वर्ष 1928 में 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' (HSRA) की स्थापना दिल्ली के किस स्थान पर हुई थी? (इतिहास)
उत्तर: फिरोजशाह कोटला
व्याख्या: चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह के नेतृत्व में क्रांतिकारियों ने दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में HSRA की स्थापना की थी। इसका मुख्य उद्देश्य भारत में एक समाजवादी गणतंत्र की स्थापना करना था। यह संगठन भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन का सबसे शक्तिशाली केंद्र बना।
संदर्भ: NCERT Class 8 History (Our Pasts-III), Ch 9, p. 115.

# "सामान्य-ज्ञान"

6. भारत का वह कौन सा राज्य है जहाँ 'सूर्य' सबसे पहले उदय होता है? (भूगोल)
उत्तर: अरुणाचल प्रदेश
व्याख्या: भारत के सबसे पूर्वी छोर पर स्थित होने के कारण अरुणाचल प्रदेश में सूर्योदय सबसे पहले होता है। गुजरात (पश्चिमी छोर) और अरुणाचल के समय में लगभग 2 घंटे का अंतर होता है, जिसे संतुलित करने के लिए भारत का 'मानक समय' निर्धारित किया गया है।
संदर्भ: NCERT Class 9 Geography, Ch 1 (India – Size and Location), p. 3.

7. भारतीय संविधान का कौन सा 'मौलिक अधिकार' प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य बनाता है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 21A
व्याख्या: 86वें संविधान संशोधन (2002) द्वारा अनुच्छेद 21A जोड़ा गया, जो 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों के लिए 'मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा' को मौलिक अधिकार बनाता है। यह राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य और शैक्षिक समानता की आधारशिला है।
संदर्भ: NCERT Class 11 Pol. Science, Ch 2, p. 34.

8. 'शुद्ध सोना' (Pure Gold) कितने कैरेट का होता है, जो आभूषण बनाने के लिए बहुत नरम माना जाता है? (विज्ञान)
उत्तर: 24 कैरेट
व्याख्या: 24 कैरेट सोना 100% शुद्ध होता है, लेकिन यह इतना लचीला होता है कि इससे बने गहने आसानी से मुड़ सकते हैं। इसलिए, मजबूती देने के लिए इसमें थोड़ा तांबा या चांदी मिलाकर 22 कैरेट का बनाया जाता है। विज्ञान में धातुओं के गुणों और उनकी मिश्र धातुओं का यह एक व्यावहारिक उदाहरण है।
संदर्भ: NCERT Class 10 Science, Ch 3 (Metals and Non-metals), p.

9. 'कलारीपयट्टू' (Kalaripayattu) किस भारतीय राज्य की विश्व प्रसिद्ध मार्शल आर्ट (युद्ध कला) शैली है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: केरल
व्याख्या: कलारीपयट्टू को दुनिया की सबसे पुरानी युद्ध कलाओं में से एक माना जाता है। इसमें लचीलेपन, हथियारों के प्रयोग और एकाग्रता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यह भारतीय शारीरिक संस्कृति और अनुशासित जीवन शैली का एक गौरवशाली उदाहरण है।
संदर्भ: NCERT Class 11 Fine Arts (Cultural Traditions of India).

10. बिहार के किस जिले में 'सिल्क सिटी' (Silk City) के नाम से प्रसिद्ध रेशम उद्योग का केंद्र स्थित है? (बिहार GK)
उत्तर: भागलपुर
व्याख्या: भागलपुर अपने 'तसर रेशम' (Tussar Silk) के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है, इसलिए इसे सिल्क सिटी कहा जाता है। यहाँ का रेशम उद्योग हजारों परिवारों की जीविका का आधार है और बिहार की औद्योगिक पहचान का एक प्रमुख स्तंभ है।
संदर्भ: Bihar Economic Survey; SCERT Bihar Class 9 Geography.

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (मार्च W2): चक्रवाती तूफान या तेज आँधी के बाद यदि आप 'टूटे हुए बिजली के तारों' को देखें, तो सुरक्षा हेतु क्या कदम उठाना चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: उचित दूरी बनाए रखें (Touch No)
व्याख्या: आपदा कैलेंडर 2026 (मार्च W2: आँधी-तूफान) के अनुसार, तूफान के बाद गिरे हुए बिजली के तारों में करंट हो सकता है। बच्चों को सिखाया जाता है कि ऐसे तारों के पास न जाएँ, उन्हें न छुएँ और तुरंत बड़ों या बिजली विभाग को सूचित करें। गीले रास्तों या जल-जमाव वाले क्षेत्रों में गिरे तार जानलेवा हो सकते हैं।
संदर्भ: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम (आपदा जोखिम न्यूनीकरण कैलेण्डर 2026)।

12. यदि किसी निश्चित कूट भाषा में 'WATER' को 'X-B-U-F-S' लिखा जाता है, तो उसी भाषा में 'BIHAR' को क्या लिखा जाएगा? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: C-J-I-B-S
व्याख्या: यहाँ वर्णमाला का अगला अक्षर (Next Letter) कोडिंग के रूप में उपयोग किया गया है:

- B → C, * I → J, * H → I, * A → B, * R → S
- यह प्रश्न छात्रों की तर्कशक्ति और त्वरित वर्णमाला कोडिंग-डिकोडिंग क्षमता को निखारता है। संदर्भ: Mental Ability for NTSE (High School Pattern).

GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण ।



अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

Diligent (डिलिजेंट) = Hardworking (हार्डवर्किंग) = परिश्रमी
Antonym – Lazy (लेज़ी) = आलसी
Eminent (एमिनेंट) = Famous (फेमस) = प्रसिद्ध / प्रतिष्ठित
Antonym – Obscure (ऑब्स्क्योर) = अज्ञात
Feeble (फीबल) = Weak (वीक) = कमजोर
Antonym – Strong (स्ट्रॉन्ग) = मजबूत
Gloomy (ग्लूमी) = Sad (सैड) = उदास
Antonym – Cheerful (चीयरफुल) = प्रसन्न
Hostile (हॉस्टाइल) = Unfriendly (अनफ्रेंडली) = शत्रुतापूर्ण
Antonym – Amicable (एमिकेबल) = मित्रतापूर्ण



~: संकलन :~
राकेश कुमार राव
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण ।

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**Prime Minister addresses 'Jal Shakti Abhiyan 2026' on World Water Day; launches 'Atal Bhujal 2.0' for 15 drought-prone states.**
**प्रधानमंत्री ने विश्व जल दिवस पर 'जल शक्ति अभियान 2026' को संबोधित किया; 15 सूखाग्रस्त राज्यों के लिए 'अटल भूजल 2.0' योजना का शुभारंभ किया।**

**NCERT and DST launch 'Vigyan Sarathi' scholarship for girl students in rural areas to pursue Aerospace Engineering.**
**एनसीईआरटी और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) ने ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं के लिए एयरोस्पेस इंजीनियरिंग हेतु 'विज्ञान सारथी' छात्रवृत्ति शुरू की।**

**India successfully conducts night-trial of 'PRALAY' quasi-ballistic missile off Odisha coast; features advanced sea-skimming capability.**
**भारत ने ओडिशा तट पर 'प्रलय' क्वासी-बैलिस्टिक मिसाइल का सफल रात्रिकालीन परीक्षण किया; इसमें उन्नत सी-स्किमिंग तकनीक शामिल है।**

## INTERNATIONAL NEWS

**United Nations 'Global Water Security Report 2026' released; warns of 30% freshwater deficit by 2040 without immediate intervention.**
**संयुक्त राष्ट्र की 'वैश्विक जल सुरक्षा रिपोर्ट 2026' जारी; चेतावनी दी गई कि तत्काल हस्तक्षेप के बिना 2040 तक 30% ताजे पानी की कमी हो सकती है।**

**BBC Report: European Space Agency (ESA) launches 'LISA' mission to detect Gravitational Waves from space; first space-based observatory.**
**बीबीसी रिपोर्ट: यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने अंतरिक्ष से गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाने के लिए 'LISA' मिशन लॉन्च किया; यह पहली अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला है।**

**WHO introduces 'Global Health AI Standards' to prevent algorithmic bias in remote diagnostic tools across developing nations.**
**डब्ल्यूएचओ ने विकासशील देशों में रिमोट डायग्नोस्टिक टूल्स में एल्गोरिथम पक्षपात को रोकने के लिए 'वैश्विक स्वास्थ्य एआई मानक' पेश किए।**

# BIHAR NEWS

**Bihar Government celebrates 'Bihar Diwas' with focus on 'Vikasit Bihar @ 2047', announces 100% digital literacy targets for Panchayats.**
**बिहार सरकार ने 'विकसित बिहार @ 2047' के संकल्प के साथ बिहार दिवस मनाया; पंचायतों के लिए 100% डिजिटल साक्षरता लक्ष्य की घोषणा।**

**SCERT Bihar and IIT Patna collaborate to launch 'E-Laboratory' modules for Government Schools to boost STEM learning.**
**एससीईआरटी बिहार और आईआईटी पटना ने सरकारी स्कूलों में STEM शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'ई-लैबोरेटरी' मॉड्यूल लॉन्च करने हेतु समझौता किया।**

# SPORTS NEWS

**Indian Boxer Nikhat Zareen clinches Gold at World Women's Boxing Championships 2026; becomes first Indian to win three World titles.**
**भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन ने विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में स्वर्ण जीता; तीन विश्व खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं।**

**BCCI announces 'National Cricket Academy (NCA) 2.0' in Bengaluru; integrates AI-based biomechanics for injury prevention.**
**बीसीसीआई ने बेंगलुरु में 'एनसीए 2.0' की घोषणा की; चोटों को रोकने के लिए एआई-आधारित बायोमैकेनिक्स तकनीक का एकीकरण किया गया।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**

✍️ **संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

## प्रेरक प्रसंग

# "मेरी मिट्टी, मेरी पहचान"

23 मार्च की सुबह थी। विद्यालय की प्रार्थना सभा में एक अलग ही उत्साह दिखाई दे रहा था। कल पूरे विद्यालय में बिहार दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया था, और उसकी झलक आज भी बच्चों के चेहरों पर साफ दिखाई दे रही थी।

मंच पर वर्मा सर आए और उन्होंने मुस्कुराते हुए बच्चों से पूछा—
"बच्चों, कल के कार्यक्रम में आप सबने बहुत उत्साह से भाग लिया... लेकिन क्या तुम जानते हो कि बिहार दिवस मनाने का असली उद्देश्य क्या है?"

कुछ बच्चे चुप रहे, तो एक छात्र ने कहा—
"सर, अपने राज्य का जन्मदिन मनाने के लिए..."
वर्मा सर ने सराहना करते हुए कहा—
"हाँ, यह सही है। लेकिन इसका असली उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि अपनी पहचान को समझना और उस पर गर्व करना है।"
उन्होंने आगे कहा— "यह वही भूमि है, जहाँ से ज्ञान की रोशनी फैली, जहाँ से महान विचार और संस्कार पूरे देश में पहुँचे।
लेकिन याद रखो, हमारी पहचान सिर्फ इतिहास से नहीं बनती, बल्कि हमारे आज के कर्मों से बनती है।"
फिर उन्होंने बच्चों से पूछा—
"अगर हम अपने विद्यालय को साफ रखें, समय का पालन करें, मन लगाकर पढ़ाई करें और एक-दूसरे का सम्मान करें—तो क्या यह हमारे बिहार की सच्ची पहचान नहीं होगी?"
अब बच्चों के चेहरे पर नई समझ और आत्मविश्वास झलकने लगा।
वर्मा सर ने अंत में कहा—
"बच्चों, अगर तुम सच में अपने बिहार से प्रेम करते हो, तो इसे अपने अच्छे व्यवहार और मेहनत से दिखाओ। यही सच्चा सम्मान है।"
सभा के अंत में सभी छात्रों ने एक स्वर में संकल्प लिया—
"हम अपने कर्मों से अपनी मिट्टी का मान बढ़ाएँगे।"
संदेश : "अपनी पहचान पर गर्व करो, और अपने कर्मों से उसे महान बनाओ।"



................✍️
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-7

# "शिक्षक संवर्धन"

## "कक्षा में रचनावाद कैसे ?"

छात्र स्वयं के अपने अनुभव और गतिविधियों से ज्ञान का सृजन करते हैं। कक्षा में शिक्षक छात्रों को जानकारी देते हुए मार्गदर्शक के रूप में होते हैं। फलत: छात्र सक्रिय रूप से सीखते हैं। शिक्षा में संरचना वाद के इस विचार को मुख्य रूप से जिन पियाजे और लेव वायोगोस्की जैसे शिक्षा मनोवैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किया।

रचनावाद के अनुसार छात्र सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय होता है। छात्र जो पूर्व ज्ञान अर्जित किये होते हैं उसी के आधार पर किसी नई अवधारणा या ज्ञान का सृजन करते हैं। छात्रों के सीखने के क्रम में अनुभव, गतिविधि और चर्चा से सीखना अधिक प्रभावी होता है। इस पूरी प्रक्रिया में शिक्षक मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। इस प्रक्रिया में शिक्षक व्याख्याता कदापि नहीं होते। छात्रों को समूह कार्य देकर आपस में सहयोग के अवसर उत्पन्न करने से उनका सीखना बेहतर होता है।

शिक्षकों के लिए सबसे बड़ा सवाल यह है कि वे विद्यालय में रचनावाद को कैसे लागू करें, अधिकांश शिक्षक ऐसा मानते हैं कि इससे विद्यालय का औपचारिक माहौल खराब हो जाता है। लेकिन यह सच नहीं है बल्कि एक प्रकार की भ्रान्ति है। कक्षा में गतिविधि आधारित शिक्षण से छात्र सीखने हेतु प्रेरित होंगे। शिक्षकों को छात्रों को केवल पढ़ाने के बजाय उन्हें करके सीखने का अवसर देना चाहिए। जैसे: गणित में माप, गिनती, आकृति बनवाना, विज्ञान में छोटे-छोटे प्रयोग करवाना, परियोजना कार्य समूह में छात्रों को देना।

छात्रों को को छोटे समूहों में काम करने देना चाहिए ताकि वे आपस में चर्चा कर समस्या का समाधान खोजें। कक्षा में शिक्षकों को अधिक से अधिक खुले प्रश्न पूछते रहना चाहिए।

- जैसे – "ऐसा क्यों होता है?", "आपके क्या विचार है?" आप होते तो क्या समाधान ढूंढते ? शिक्षकों को सीखे जा रहे अवधारणा को छात्रों के वास्तविक जीवन से जोड़ना चाहिए। कक्षा की पढ़ाई को छात्रों के दैनिक जीवन से जोड़कर देखा जाना चाहिए। जैसे: गणित में बाजार का उदाहरण, पर्यावरण में अपने गाँव/शहर की समस्याएँ हो सकती हैं। छात्रों को समस्या देकर उनको खुद से समस्या हल करने का अवसर देना चाहिए। छात्रों को केवल संकेत देना चाहिए। कक्षा में शिक्षकों को छात्रों को अनुभव साझा करने का अवसर देना चाहिए। उनसे पूछना चाहिए कि उन्होंने क्या देखा, क्या समझा। इससे उन्हें अपने अनुभव से सीखने का वास्तविक अवसर मिलता है। छात्र खुद समझकर जब ज्ञान अर्जित करते हैं, तब रचनावाद का लक्ष्य पूरा होता है।

तो आईए हम अपने विद्यालय में छात्रों को रचनावादी दृष्टिकोण से सीखने का अवसर उपलब्ध कराने की कोशिश करें।


..................✍️

मनोज कुमार झा

प्रधानाध्यापक

राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय

बेतिया, प. चम्पारण।




आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# कैरियर मार्गदर्शन श्रृंखला: पत्र संख्या - 16

## "(मैट्रिक के बाद – Fire & Safety Diploma)"

## 'संपादकीय'

प्रिय विद्यार्थियों,

यदि आप सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन (Fire Fighting) और औद्योगिक सुरक्षा के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, तो Fire & Safety Diploma एक अत्यंत उपयोगी और तेजी से उभरता हुआ कोर्स है। इसमें फायर प्रिवेंशन, फायर फाइटिंग तकनीक, इंडस्ट्रियल सेफ्टी, आपदा प्रबंधन, रिस्क असेसमेंट, प्राथमिक उपचार (First Aid) आदि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। आजकल फैक्ट्री, मॉल, एयरपोर्ट, अस्पताल, होटल और बड़ी कंपनियों में सुरक्षा विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही है।

अर्हता: 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण (संस्थान अनुसार); शारीरिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक।
नामांकन प्रक्रिया: अधिकतर संस्थानों में सीधे आवेदन (Direct Admission) या मेरिट के आधार पर प्रवेश मिलता है। कौशल आधारित प्रशिक्षण की जानकारी के लिए Ministry of Skill Development and Entrepreneurship – skillindia.gov.in तथा National Skill Development Corporation – nsdcindia.org उपयोगी पोर्टल हैं।

बिहार के प्रमुख सरकारी/अर्ध-सरकारी विकल्प:
Bihar Skill Development Mission के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण केंद्र
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) में संबंधित शॉर्ट-टर्म कोर्स
राज्य आपदा प्रबंधन से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम

देश के प्रमुख संस्थान (सरकारी/प्रमुख):
National Fire Service College – nfscnagpur.nic.in
Delhi Fire Service Training Centre
Central Industrial Security Force Fire Wing (प्रशिक्षण एवं भर्ती अवसर)
कोर्स अवधि: 6 माह से 1 वर्ष (डिप्लोमा/सर्टिफिकेट अनुसार)।

रोजगार की संभावना: फायरमैन, सेफ्टी ऑफिसर, इंडस्ट्रियल सेफ्टी सुपरवाइजर, ऑयल-गैस सेक्टर, एयरपोर्ट, मेट्रो, मॉल, होटल, कंस्ट्रक्शन कंपनियाँ। प्रारंभिक वेतन ₹15,000–35,000 प्रति माह, अनुभव के साथ तेजी से वृद्धि।

आगे के अवसर: उच्च डिप्लोमा, NEBOSH (अंतरराष्ट्रीय सेफ्टी सर्टिफिकेशन), इंडस्ट्रियल सेफ्टी में विशेषज्ञता लेकर विदेशों में भी नौकरी के अवसर।
वित्तीय सहायता: कौशल आधारित कोर्स हेतु बिहार सरकार की योजनाएँ तथा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड (drcc.bihar.gov.in) से सहायता मिल सकती है। छात्रवृत्ति के लिए National Scholarship Portal – scholarships.gov.in देखें।

संक्षिप्त सलाह: यदि आप जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में काम करने का साहस, अनुशासन और सेवा भावना रखते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए एक साहसिक और सम्मानजनक करियर प्रदान कर सकता है।
अगले पत्र में – इंटरमीडिएट के बाद : B.Pharm (Bachelor of Pharmacy)। 💊

...........✍️



**शैलेन्द्र कुमार**
प्रधान शिक्षक
रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा-2

अनुभाग-9

# "मेरा विद्यालय मेरी प्रतिष्ठा"

## रा.प्रा.वि. बोदसर, बगहा- 2

मुजफ्फरपुर, मंगलवार
17 मार्च, 2026
नगर संस्करण *******
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 14

दैनिक जागरण

www.jagran.com
बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

# जिलास्तर की प्रतियोगिता में बगहा दो का दबदबा

- क्विज, गणित ओलंपियाड और चित्रांकन प्रतियोगिता में पांच छात्राओं ने जीता दूसरा स्थान
- बगहा दो प्रखंड के आठ विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

संवाद सूत्र, जागरण • बगहा: बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड, क्विज़ प्रतियोगिता और चित्रांकन प्रतियोगिता में बगहा दो प्रखंड के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विभिन्न वर्गों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में से पांच छात्राओं ने जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रखंड का नाम रोशन किया। क्विज़ प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय बोदसर की छात्रा अनुष्का कुमारी ने वर्ग एक से पांच में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मध्य विद्यालय पटखौली-मलकौली की छात्रा आराध्या कुमारी ने वर्ग छह से आठ में दूसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रतियोगिता में प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू विद्यालय पटखौली की छात्रा सिम्मी कुमारी ने वर्ग नौ से 12 में प्रथम स्थान के बराबर अंक प्राप्त करने के बावजूद द्वितीय स्थान हासिल किया। गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय पटखौली-मलकौली की छात्रा आशी कुमारी ने वर्ग एक से पांच में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और प्रखंड का गौरव बढ़ाया। वहीं चित्रांकन प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय बोदसर की छात्रा



जिला में सम्मानित होते बगहा दो के शिक्षक व छात्राएं • सौ. शिक्षक

निधि कुमारी ने वर्ग एक से पांच में द्वितीय स्थान हासिल किया। प्राथमिक विद्यालय बोदसर का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा, जहां से दो छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया और दोनों ने जिला स्तर पर मेडल प्राप्त कर विद्यालय का शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार बगहा दो प्रखंड से कुल आठ छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया था, जिनमें से पांच विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर बगहा दो प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी फूदन राम ने क्षेत्र के सभी शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी जताई और विजेता विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



**शैलेन्द्र कुमार**
प्रधान शिक्षक (BPSC)
रा.प्रा.वि. बोदसर
बगहा -2, प. चम्पारण।



आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org